उदयपुर एक्सप्रेस

उदयपुर, मंगलवार 25 अप्रेल, 2023

पोष्य बच्चों के लिए मनोरंजनात्मक गतिविधियों का आयोजन



उदयपुर। फोस्टर केयर सोसायटी ने यूनिसेफ के सहयोग से राजस्थान सरकार की वात्सल्य (फोस्टर केयर) योजना और गोराधाय (ग्रुप फोस्टर केयर) योजना से लाभान्वित पोष्य बच्चों के लिए मनोरंजनात्मक गतिविधि 'प्रवाह' कार्यशाला का आयोजन किया गया। पोष्य बच्चों के लिए आर्ट थेरैपी कार्यशाला के माध्यम से जेंटेंगल, मंडाला, इमोशन ऑफ व्हील, फन गेम एवम अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परियोजना निदेशक डॉ शिल्पा मेहता ने बताया की बच्चों के विकास के लिए मानसिक स्वास्थ्य का बेहतर होना अति आवश्यक है। सभी पोष्य बच्चों के लिए लगातार विषय विशेषज्ञों के साथ प्रवाह कार्यशाला का आयोजन करते रहे हैं तथा हमें इसके बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत कुल 22 बच्चे लाभान्वित किए गए।

फोस्टर केयर सोसायटी श्रीमती मीना शर्मा, अतिरिक्त निदेशक, डीसीआर, उदयपुर; बाल कल्याण समिति सदस्य- अंकुर टांक, श्रीमती अंजना जोशी, श्रीमती संगीता राव एवं श्रीमती यशोदा पनिया को धन्यवाद ज्ञापित करती है। फोस्टर केयर सोसायटी गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में मनोविज्ञान विभाग की सह आचार्य डॉ शिखा शर्मा, प्रमाणित आर्ट थेरेपिस्ट सुश्री देशना एवं उनकी टीम को धन्यवाद देती है, जिन्होंने बच्चों के लिए विभिन्न शिक्षाप्रद और मनोरंजक गतिविधियों का संचालन किया। फोस्टर केयर सोसायटी से कार्यक्रम में अनुराग महता, श्रीमती अनुराधा राय, श्रीमती कुसुम पालीवाल आदी की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।